श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र

SHRI RAM JANMBHOOMI TEERTH KSHETRA

कार्यालय :- श्री राम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण कार्यशाला, रामघाट चौराहा, अयोध्या - 224123

महंत नृत्यगोपाल दास जी	स्वामी गोविंददेव गिरि	चम्पत राय
अध्यक्ष	कोषाध्यक्ष	महासचिव

29 जनवरी, 2026

आदरणीय बन्धु,

जय श्रीराम, आगामी 19 मार्च, 2026 गुरुवार वर्ष प्रतिपदा के दिन अयोध्या मे श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में विशेष कार्यक्रम करेंगे।

आपने श्री राम जन्मभूमि मन्दिर निर्माण में महत्वपूर्ण कार्य किया है। हम चाहते है कि आप तथा आपकी ओर से मन्दिर निर्माण कार्य में लगे सभी व्यक्ति/श्रमिक इस कार्यक्रम मे पधारें, अयोध्या मे निवास भोजन आदि की सभी व्यवस्था मन्दिर ट्रस्ट की ओर से की जाएगी, स्वयं होटल आदि बुक न करायें।

कृपया अपने आधार कार्ड की दोनों ओर की फोटो हमारे **हेल्पलाइन नम्बर- 9076501171** पर व्हाट्सअप द्वारा भेज दें, इससे हमें डाक का सम्पूर्ण पता और आधार संख्या प्राप्त हो जायेगी। आपके माध्यम से अयोध्या में अथवा मकराना, पिण्डवाड़ा, बयाना आदि किसी भी अन्य स्थान पर रहकर जिन व्यक्तियों ने मन्दिर निर्माण के लिए कार्य किया हो, उन सभी व्यक्तियों/श्रमिकों को हम इस कार्यक्रम में निमन्त्रित कर रहे हैं, अतः सभी के आधार कार्ड, मोबाईल नम्बर आदि हमारे **हेल्पलाइन नम्बर - 9076501171** पर व्हाट्सअप द्वारा भिजवाने का कष्ट करें। निमन्त्रण पत्र भेजने व कार्यक्रम स्थल का प्रवेश कार्ड बनाने में हमें सुविधा होगी।

आप अपनी जानकारी गूगल फार्म (https://forms.gle/aRf5dXS5CrzjPo336) के माध्यम से भी भेज सकते हैं।

सभी को 18 मार्च रात्रि तक अयोध्या पहुँचना चाहिए। 19 मार्च को सायंकाल कार्यक्रम के पश्चात् अथवा 20 मार्च प्रातःकाल अपने गंतव्य को वापस प्रस्थान कर सकते है। आप अपने स्थान से अयोध्या तक और अयोध्या से वापस अपने स्थान तक यात्रा के लिए रेलवे टिकट शीघ्र बनवा लें और अपने सहयोगियों/श्रमिकों के लिए भी बनवा लें। जो यात्रा व्यय स्वयं वहन करने मे समर्थ नहीं है, उन सभी व्यक्तियों/श्रमिकों को ट्रस्ट की ओर से रेलवे अथवा बस द्वारा यात्रा का व्यय दिया जाएगा, यदि आप अपने निजी वाहन से आ रहे है तो वाहन संख्या अवश्य भेजे। धन्यवाद

हेल्पलाइन नम्बर- 9076501171, 8009522111

Email id- events@srjbtkshetra.org

चम्पतराय

चम्पत राय

महासचिव